प्रतिवेदन

कार्यक्रम – ''महिला उत्पीड़न'' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

आयोजक – महिला सेल एवं आई क्यू ए सी

दिनांक – 14/12/2018

महिला सेल व आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्त्वाधान में दिनांक 14 दिसम्बर को महात्मा गांधी शासकीय महाविद्यालय खरसिया में प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे की अध्यक्षता में छात्राओं में जागरूकता पैदा करने एवं महिलाओं के अधिकारों एवं कानूनों से छात्राओं को परिचित कराने के उद्देश्य से ''महिला उत्पीड़न'' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 सुशीला गोयल व प्रो0 सरला जोगी तथा आई क्यू ए सी प्रभारी प्रो0 मनोज साहू के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू अग्रवाल नगरपालिका अधिकारी खरसिया ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कहीं भी आपके साथ अवांछनीय व्यवहार हो, तो आप पहले विरोध कीजिए जिससे उस व्यक्ति का मनोबल टूट जाएगा और आने वाले समय में आपको परेशान नहीं करेगा। कुछ भी आपके साथ अशोभनीय कृत्य होता हो तो आप अपने अभिभावक को बताएँ, महाविद्यालय में रहने पर मैडम को या सर को बताएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब भी कोई घटना घटने पर आरक्षी केन्द्र में सूचना देनी हो, बेहिचक आप देवें, आपका बयान एक महिला जज के द्वारा लिया जाएगा जहाँ आप और जज के सिवाय कोई तीसरा व्यक्ति नहीं होता। हर छोटी से छोटी घटनाओं जैसे स्पर्श करना, चुनरी खींचना, फब्तियाँ कसना आदि पर भी गैर जमानती धाराएँ लगती है। श्रीमती अग्रवाल ने अपने व्याख्यान के दौरान कई ऐसी धाराओं का जिक्र किया जो गैर जमानती हैं और समझौता करने योग्य नहीं है। 12 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के साथ जुड़ी घटनाओं के लिए पास्को एक्ट लागू होता है। डॉ0 आर के टण्डन के द्वारा श्रीमती नीतू अग्रवाल का आभार ज्ञापन के पश्चात् नगरपालिका खरसिया के द्वारा स्वच्छता एप से सम्बन्धित जानकारियाँ दी गई। एप डाउनलोड करने की विधि बताने के बाद उसके परिचालन के बारे में बताया गया और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील भी की गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की सैकड़ों छात्राएँ उपस्थित थीं। प्रो0 जे आर कुर्रे, प्रो0 अंकित अग्रवाल, प्रो0 एल डी मानिकपुरी, प्रो0 विनोद जांगड़े, प्रो0 प्रमोद राठौर, प्रो0 एस के इजारदार, प्रो0 मनोज बरेठा सहित लगभग सभी प्राध्यापकों की गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा।